**आकाषवाणी**

**समाचार एकांष**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**मंगलवार 02.06.2026**

**समय 07.20**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 191 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कीं
- शिक्षा मंत्री ने प्रत्येक जिले में एक–एक मॉडल पॉलीटेक्निक संस्थान विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिएं
- यात्रा शुरू होने के 41 दिनों के भीतर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हैली सेवा से किए बाबा केदार के दर्शनं
- लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीएनएसएस की धारा–163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागूं

**वित्तीय स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला तैयारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत बाढ़ सुरक्षा कार्यों, सड़कों और शासकीय आवासों के निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के लिए 191 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं देहरादून जिले के रायपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्र में सांग नदी के चैनलाईलेशन के लिए 3 करोड़ 62 लाख, विकासनगर कॉलोनी में नलकूप निर्माण के लिए 63 करोड़ 62 लाख स्वीकृत किये हैं उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन को आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यों के लिए 70 करोड़ अवमुक्त किये जाने के साथ ही आस्था पथ परियोजना ऋषिकेश के सौन्दर्यीकरण को 35 करोड़ 78 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया हैं हरिद्वार जिले में दिल्ली नीतिपास राज्य मार्ग और हरिद्वार शहर लोक निर्माण विभाग के अधीन अन्य आन्तरिक मार्गों के निर्माण के लिए 21 करोड़ 64 लाख रुपये स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया हैं

**तकनीकी शिक्षा समीक्षा बैठक**

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने अपने शासकीय आवास पर तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में प्रत्येक जिले में एक–एक मॉडल पॉलीटेक्निक संस्थान विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देष दिएं उन्होंने बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वाराहाट में शीघ्र ही नियमित कुलसचिव की नियुक्ति के निर्देश अधिकारियों को दिएं उन्होंने तकनीकी शिक्षा निदेशक को एक सप्ताह के भीतर कुलसचिव की नियुक्ति प्रक्रिया शुरु करने को कहां बैठक में मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न पॉलीटेक्निक कॉलेजों के छात्रावासों की स्थिति की भी समीक्षा कीं उन्होंने कई छात्रावासों में आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण कार्य लंबित होने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिएं बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. रावत ने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता हैं उन्होंने पॉलीटेक्निक संस्थानों में खेल मैदानों के विकास, खेल सामग्री की उपलब्धता और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिएं इसके साथ ही पॉलीटेक्निक कॉलेजों और अन्य तकनीकी संस्थानों में लंबे समय से रिक्त पड़े विभिन्न संवर्गों के पदों को शीघ्र भरने तथा पदोन्नति के पात्र कार्मिकों को समयबद्ध रूप से पदोन्नत करने को कहां डॉ रावत ने विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने को कहा, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं का लाभ मिल सकें

**पर्यावरण सप्ताह**

इन्फैंट्री बटालियन (टीए) ईको कुमाऊँ द्वारा 2 जून से 5 जून तक पिथौरागढ़ और आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगां इस दौरान विद्यालयी छात्रों के लिए यूनिट नर्सरी भ्रमण, पौधशाला तकनीकों औरवर्मी कम्पोस्टिंग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें देवकटिया सैन्य क्षेत्र में 348 मेडिकल रेजीमेंट और 14वीं बटालियन आईटीबीपी के सहयोग से व्यापक पौधारोपण

अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लगभग 1000 पौधे लगाए जाएंगें यक्षवती नदी के किनारे स्वच्छता और नदी पुनर्जीवन अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 55वीं बटालियन एसएसबी, 12 कुमाऊँ, एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र भाग लेंगें चंडाक हिल्स में स्वच्छता अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा, जिसमें पूर्व सैनिक, स्वयंसेवी संस्थाएं, नागरिक प्रशासन और स्थानीय नागरिक सहभागिता करेंगें

**जिलाधिकारी बैठक**

देहरादून के जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान ने मानसून सीजन को देखते हुए आपदा प्रबंधन, राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को माइक्रो लेवल प्लान तैयार कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिएं बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम और सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में स्थित नदी–नालों और जल निकासी तंत्र की युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाते हुए 7 दिन के भीतर कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें उन्होंने जलभराव की संभावनाओं को देखते हुए सभी निकायों में टास्क फोर्स और कंट्रोल रूम स्थापित करने और नदी–नाला तथा नाली सफाई की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिएं

**हैली सेवा**

केदारनाथ धाम की यात्रा में इस बार हैली सेवाएं श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सहूलियत साबित हो रही हैं यात्रा शुरू होने के महज 41 दिनों के भीतर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु हेलीकॉप्टर के माध्यम से बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं यात्रियों की बढ़ती संख्या के बीच सुरक्षा और सुगम संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही हैं हैली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे के अनुसार मौसम खराब होने पर भी यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए उड़ानों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा हैं आगामी 22 जून तक की सभी टिकटों की बुकिंग हो चुकी है, जिससे श्रद्धालुओं के उत्साह और यात्रा की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता हैं

**निषेधाज्ञा लागू**

देहरादून जिला प्रशासन द्वारा लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–बीएनएसएस की धारा–163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई हैं यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 6 माह की अवधि तक प्रभावी रहेगां उप जिला अधिकारी कालसी प्रेम लाल ने बताया कि उपमहाप्रबंधक लखवाड़ परियोजना और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कालसी द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्टों के आधार पर यह निषेधाज्ञा जारी की गई हैं जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के समस्त कार्यस्थलों से 500 मीटर की परिधि के भीतर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का कानून व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगां परियोजना स्थल, कार्यालय, आवासीय परिसर एवं निर्माण क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रहेगां किसी भी व्यक्ति अथवा समूह को बिना सक्षम अनुमति के धरना–प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी अथवा भीड़ एकत्र करने की अनुमति नहीं होगीं

**बीएलओ प्रशिक्षण**

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल और प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम सभागार में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों–बीएलओ, सुपरवाइजरों और सहायक कार्मिकों के लिए दूसरे चरण का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गयां प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और विष्वसनीयता सुनिश्चित करना रहा, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज न हो सकें धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गौरव चटवाल ने निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती सटीक और मतदाता सूची पर निर्भर करती हैं उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में त्रुटियों को न्यूनतम करने और प्रत्येक पात्र नागरिक तक निर्वाचन प्रक्रिया की पहुंच सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हैं

**को–ऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री**

राज्य में सहकारिता आधारित औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ (यूसीएफ) आगे आया हें यूसीएफ ने लंबे समय से निष्क्रिय पड़ी रानीखेत स्थित को–ऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री–सीडीएफ और हल्दूचौड़ स्थित उत्तराखंड स्टेट मेडिसिन एंड पैरामेडिकल्स लिमिटेड–यूएमपीएल को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया हैं दोनों इकाइयों में आधुनिक मशीनरी, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और उन्नत उत्पादन प्रणाली स्थापित कर आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण शुरू किया जाएगां सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं इसी उद्देश्य से वर्षों से बंद पड़ी सहकारी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि सीडीएफ और यूएमपीएल के पुनरुद्धार के लिए यूसीएफ ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की हैं दोनों इकाइयों के पूर्ण संचालन से स्थानीय स्तर पर 200 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगें